**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**27.04.2026/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे**

मुख्य समाचार''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर आज पहुंचेंगी शिमला–सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–सौर ऊर्जा परियोजनाओं सहित वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दे रही है सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों से लोग परेशान–नगर निकाय और स्थानीय चुनाव में जनता सिखाएगी कांग्रेस को सबक।
- उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा– नगर निकाय व पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव में आरडीजी के मुद्दे को जनता के बीच उठाएगी कांग्रेस।
- प्रदेश के मैदानी इलाकों में पारा 40 डिग्री से पार–मौसम विभाग ने कल से वर्षा व ओलावृष्टि की जताई संभावना।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने 5 दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हिमाचल आ रही हैं। वे शिमला के छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास द रिट्रीट में ठहरेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता.....

हिमाचल में आज अपने आगमन के बाद राष्ट्रपति कल शिमला के लोकभवन में राज्यपाल द्वारा आयोजित भोज में शामिल होंगी। उनका 29 अप्रैल को अटल टनल रोहतांग का दौरा करने का कार्यक्रम है। इस दौरान वे सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों के साथ बातचीत भी करेंगी और ऐतिहासिक अटल टनल रोहतांग के बारे में जानकारी हासिल करेंगी। 30 अप्रैल को राष्ट्रपति चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इसी दिन राष्ट्रपति आरट्रैक शिमला में भी एक कार्यक्रम में भाग लेंगी। इस बीच राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनज़र सुरक्षा के कड़े प्रबंध गए हैं। शिमला में एक हज़ार से अधिक जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा पालमपुर, मनाली और अटल टनल रोहतांग सहित अन्य स्थानों पर भी सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।
रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।

मुख्यमंत्री

प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा परियोजनाओं सहित वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की प्रति वर्ष ऊर्जा खपत तेरह हज़ार मिलियन यूनिट

है और सरकार का लक्ष्य है कि इसका 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा निकट भविष्य में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जलविद्युत क्षेत्र में छोटी परियोजनाओं को विकसित करने सौर ऊर्जा परियोजनाओं और ग़ैर परंपरागत ऊर्जा आधारित निवेश को विशेष रूप से प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पाँच मेगावाट क्षमता तक की छोटी जल विद्युत परियोजनाओं के विकास को गति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों में 17 दशमलव दो पांच मेगावाट क्षमता की सात छोटी पनबिजली परियोजनाएं शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और सौर ऊर्जा क्षेत्र में भी गत तीन वर्षों में प्रभावी नीतियों के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं का विकास किया जा रहा है।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज शिमला जिला के धरेच और चियोग ग्राम पंचायत के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि स्थानीय निकाय और नगर निकाय के चुनाव में प्रदेश की जनता कांग्रेस को सबक़ सिखाएगी। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में क़ानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की मातृ शक्ति भी कांग्रेस द्वारा दी गई झूठी गारंटियों और विधायिका में महिला आरक्षण के हक छीनने के लिए कांग्रेस से बदला लेने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था भी बदहाल है और लोगों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सहायता राशि का राज्य सरकार समुचित और व्यवस्थित उपयोग नहीं कर रही है।

## अनुराग ठाकुर

सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि समावेशी विकास तभी संभव हैयदि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर कार्य करें, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस दिशा में विफल रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के कारण राज्य पर एक लाख करोड़ से अधिक का कर्ज हो चुका है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले किए वायदे अभी तक पूरे नहीं किए हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्थाई रोज़गार देने के बजाए अनुबंध आधारित नौकरियां दी जा रही हैं जिससे अस्थिरता की स्थिति बनी हुई है।

## बहिष्कार

लाहौल स्पीति जिला के पिन वैली क्षेत्र की सगनम और कुंगरी पंचायतों ने अपनी पिन भावा सड़क मांग को लेकर आगामी पंचायत चुनावों के बहिष्कार का निर्णय लिया है। इनका कहना है कि पिछले करीब दो दशकों से इस सड़क की मांग उठाई जा रही है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गौरतलब है कि लाहौल के कुरचेड़ गांव के बाद यह दूसरा मामला है जहां ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का एलान किया है।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र द्वारा बंद की गई आरडीजी के कारण प्रदेश वित्तीय संकट से गुजर रहा है। सोलन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने इसे जनता के साथ अन्याय करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार वित्तीय स्थिति को पटरी पर लाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। हर्षवर्धन ने कहा कि कांग्रेस नगर निकाय व पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में इस मुद्दे को जनता के बीच उठाएगी।

पीएमएफएमई

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना का शिमला जिला के युवा भरपूर लाभ उठा रहे हैं। जिले में इस योजना के तहत अभी तक 2 हजार 80 लोग लाभान्वित हो चुके हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता।

योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2021–22 से लेकर 31 मार्च 2026 तक शिमला जिला प्रशासन को कुल 3026 मामले प्राप्त हुए जिनमें से 2901 मामले विभिन्न बैंकों को भेजे गए और 2080 मामलों में ऋण स्वीकृत हुआ है जबकि 73 मामलों में ऋण प्रक्रिया जारी है। योजना के तहत 25 लाख तक की ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग यूनिट लगाने के लिए 40 प्रतिशत सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। योजना के तहत जिला शिमला में कुल 2080 ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग यूनिट स्थापित किए गए हैं। बेरोजगार युवा योजना का भरपूर लाभ उठा रहे हैं और योजना के तहत अपने ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग यूनिट स्थापित कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

टीकाकरण

सिरमौर जिले में 14 से 15 वर्ष आयुवर्ग की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत अब तक एक हजार 3 सौ 37 किशोरियों का टीकाकरण कर लिया गया है। हमारे सिरमौर जिला संवाददाता ने बताया कि ये अभियान तीन महीने तक चलेगा।

जिला में पहले चरण में यह अभियान 3 महीने तक चलेगा जिसमें सिरमौर जिला की करीब 3500 किशोरियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिला के सभी 6 स्वास्थ्य खण्डों में यह टीकाकरण किया जा रहा है अभी तक जिला की धगेडा ब्लॉक में 207,संगड़ाह में 296, पछाद में 92, राजगढ़ में 82 ,शिलाई में 280 जबकि राजपुर में ब्लॉक में सबसे अधिक 380 किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है। टीकाकरण को लेकर लोगों में कई तरह की भ्रांतियां भी है जिन्हें दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और आशा कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है जिसके बाद लोग टीकाकरण के लिए किशोरियों को आगे ला रहे हैं आकाशवाणी समाचार के लिए सिरमौर से सतीश शर्मा

मौसम

प्रदेश में आज मौसम साफ है। मैदानी जिलों में लू के चलते भीषण गर्मी पड़ रही है। ऊना सहित कई शहरों में पिछले कुछ दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से अधिक दर्ज किया

जा रहा है। नाहन में भी बढ़ती गर्मी से लोग परेशान हैं और राज्य सरकार से स्कूलों की समय सारिणी बदलने की मांग कर रहे हैं। मौसम विभाग ने आज भी इन जिलों में लू का यलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि विभाग के अनुसार कल से मौसम करवट बदलेगा। विभाग के मुताबिक 28 अप्रैल से 2 मई तक प्रदेश के अनेक भागों में बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि की संभावना है।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है **ग्रीन पंचायत कार्यक्रम के दायरे में आएंगी सभी पंचायतें।** दैनिक जागरण की सुर्खी है **सुक्खू बोले–प्राकृतिक खेती भविष्य, दे रहे प्रोत्साहन।**

दैनिक भास्कर की एक खबर है **हिमाचल में 30 कंपनियां निवेश करने की इच्छुक, 28 को बैठक।**

**पुलिस अफसरों पर विभागीय कार्रवाई की सिफारिश** शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है **हिमाचल पुलिस भर्ती पेपर लीक प्रकरण में सीबीआई की संस्तुति, डीजीपी को भेजी रिपोर्ट।**

अमर उजाला की एक खबर है **स्मार्ट मीटर लगाने से रोका तो 24 घंटे में कटेगी बिजली।**

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है **फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ–चिलचिलाती गर्मी से मिलेगी राहत।**

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर आज पहुंचेंगी शिमला–सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–सौर ऊर्जा परियोजनाओं सहित वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दे रही है सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों से लोग परेशान–नगर निकाय और स्थानीय चुनाव में जनता सिखाएगी कांग्रेस को सबक।
- उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा– नगर निकाय व पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव में आरडीजी के मुद्दे को जनता के बीच उठाएगी कांग्रेस।
- प्रदेश के मैदानी इलाकों में पारा 40 डिग्री से पार–मौसम विभाग ने कल से वर्षा व ओलावृष्टि की जताई संभावना।

-----------